अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल 246174, उत्तराखण्ड

**DEAN STUDENT WELFARE**
**H.N.B.Garhwal University (A Central University), Srinagar (Garhwal), 246174, Uttarakhand**

पत्रांक सं./अ.छा.क./2022/263 दिनांक 26/8/2022

24 अगस्त 2022 को सभी संकायाध्य, परिसर निदेशकों की बैठक जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विषम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर संपन्न हुई जिसमें प्रति कुलपति प्रोफेसर आर. सी. भट्ट एवं सहायक कुलसचिव परीक्षा भी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र विषम सेमेस्टर की कक्षाओं के लिए प्रवेश समिति गठित कर प्रवेश कार्य संपन्न किए जाएं जिससे शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप शिक्षण कार्य शुरू किया जा सके, परीक्षा अनुभाग को जिन कक्षाओं के परीक्षा फल अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं, उन्हें यथाशीघ्र घोषित करने के निर्देश दिए गए, जिससे प्रवेश कार्य को सुचारु पूर्वक संपन्न करवाया जा सके।

संकायाध्यक्षों से यह भी अनुरोध किया गया है कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर तृतीय सेमेस्टर की प्रवेश समिति को यह निर्देशित करें कि तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों से आवश्यक रूप से द्वितीय सेमेस्टर की शिक्षण शुल्क की रसीद की प्रति छात्र अपने प्रवेश प्रार्थना पत्र में अवश्य संलग्न करें, साथ ही प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का श्रेणी वार वर्गीकरण (छात्र/छात्रा, सामान्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति आर्थिक रूप से कमजोर (ews) राज्य का नाम) कर विश्वविद्यालय के IQAC को उपलब्ध करवाएं जिससे समय-समय पर इस संबंध में मांगी जाने वाली सूचनाओं का सही विवरण उपलब्ध करवाया जा सके।

प्रवेश आवेदन पत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

26/8/22
**प्रो.एम.एस. नेगी**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**

**<u>प्रतिलिपि</u>**

1. समस्त संकायाध्यक्ष /विभागाध्यक्ष,
2. परिसर निदेशक/ मुख्य नियंता /मुख्य छात्रावास अधीक्षक,
3. सिस्टम मैनेजर/जनसम्पर्क अधिकारी,
4. कुलसचिव महोदय,
5. निजी सचिव प्रतिकुलपति, माननीय प्रति कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26/8/22
**प्रो.एम.एस. नेगी**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**

Letter Pad

Scanned with CamScanner